कंचन सेवा समर्पण संस्थान

ग्राम- पूरे गौतमन, मजरे- मन्हेरू, पोस्ट- बेलाखारा, जनपद- रायबरेली (उ.प्र.)

पत्राँक KANCHAN SEWA/RBL/2022/101 दिनाँक 29/06/2022

कार्यवाही की सत्य–प्रतिलिपि

आज दिनांक 29.06.2022 दिन बुद्धवार को पूर्व सूचनानुसार कंचन सेवा समर्पण संस्थान की एक आवश्यक बैठक 10:00 बजे संस्था मुख्यालय पर संस्था के अध्यक्ष की अध्यक्षता में आहूत की गयी, जिसमें निम्न पदाधिकारी उपस्थित हुए–

1. श्री वरूण कुमार शुक्ला	अध्यक्ष
2. श्री जय प्रकाश दूबे	उपाध्यक्ष
3. श्रीमती कंचन शुक्ला	सचिव / प्रबन्ध निदेशक
4. श्री आकाश शुक्ला	उपसचिव / उपप्रबन्ध निदेशक
5. दीक्षा	कोषाध्यक्ष
6. श्री ओम् प्रकाश	प्रचार मंत्री
7. श्री त्रिवेणी	संगठनमंत्री

प्रस्ताव सं0–1

पिछली कार्यवाही की पुष्टि पर विचार– पिछली कार्यवाही संस्था के कोषाध्यक्ष दीक्षा जी ने पढ़कर सुनाया, जिसकी सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने पुष्टि की।

प्रस्ताव सं0–2

ट्रस्ट द्वारा फार्मेसी कालेज खोलने हेतु उच्च न्यायालय दिल्ली में हुई अपील पर विचार –सभा में उपस्थित सदस्यों को बताया गया कि अपील में PCI को कोर्ट द्वारा पूर्व लम्बित संस्थानों के प्रकरण में पोर्टल खोलकर कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया है।

प्रस्ताव सं0–3

उक्त के क्रम में अध्यक्ष श्री वरूण शुक्ला द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि कंचन फार्मेसी कालेज का पूर्व में लम्बित प्रकरण जो संस्थान द्वारा संचालित होना था जिसकी स्वीकत हेतु पूर्व प्रस्तावित प्रस्ताव पोर्टल बन्द होने के कारण लम्बित रह गया था, के सन्दर्भ में संस्थान ने मा0 उच्च न्यायालय में पूर्व लम्बित प्रस्ताव होने के कारण याचिका दायर किया था,

J.P Varun Shukla Diksha कंचन ओ. पी Akash त्रिवेणी

जिसे निर्णित करते हुए मा0 उच्च न्यायालय द्वारा संस्थान के हित में PCI को पूर्व लम्बित प्रस्तावों को विचारार्थ पोर्टल पुनः खोलकर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया था, जिसके क्रम में PCI द्वारा मा0 न्यायालय के निर्णय के विरूद्ध सर्वोच्च न्यायालय में स्पेशल अपील दायर की थी जिसमें मा0 सर्वोच्च न्यायालय ने संस्थान की रिट याचिका सं0 12662/2021 में संस्था के हित में पूर्व लम्बित प्रकरणों पर विचार कर निस्तारण हेतु दि0 31.05.2022 पारित किया जिसके क्रम में PCI द्वारा पूर्व लम्बित संस्थानों के प्रस्तावों पर विचारार्थ हेतु दिनांक 28.06.2022 को पुनः पोर्टल खोला गया है, जिसके क्रम में आज दि0 29.06.2022 को प्रकरण पर विचारार्थ कार्यकारिणी सदस्य की बैठक आहुत की गई है।

अध्यक्ष महोदय के उपरोक्त प्रस्ताव पर सर्व सम्मति से सहमत व्यक्त की गई तथा संस्थान की सचिव श्रीमती कंचन शुक्ला को सर्वसम्मति से अधिकृत किया गया कि कंचन फार्मेसी कालेज की मान्यता प्राप्त करने हेतु PCI के पोर्टल में दिये गये दिशा निर्देशों की प्रतिपूर्ति करे तथा इस हेतु आवश्यक अभिलेखों को हस्ताक्षरित करे एवं समस्त कार्यालय जिनसे अभिलेखों की प्राप्ति हो सके, अभिलेख प्राप्त कर कालेज की मान्यता प्राप्त करने की कार्यवाही करें।

त्रिवेणी

कंचन

J.P

Diksha

ओ.पी

Akash